# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 13.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 अगस्त तक चल रहे देशव्यापी **हर घर तिरंगा** अभियान के तहत रांची समेत सभी जिलों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राजधानी रांची के मोरहाबादी से आज निकाली गयी तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। इस मौके पर उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी वर्ग के लोगों से **हर घर तिरंगा** अभियान में शामिल होने का आग्रह किया है।

****************

स्वतंत्रता दिवस को भव्य बनाने के लिए सरकार 13 से 15 अगस्त के बीच **हर घर तिरंगा** अभियान चला रही है। इसे लेकर हजारीबाग जिले के लोगों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

हजारीबाग में भाजपा युवा मोर्चा ने लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी शामिल हुए। यह यात्रा शहर के प्रमुख चौक–चौराहों से गुजरते हुए देशभक्ति के माहौल में सम्पन्न हुई, जहां लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा एकता और गर्व की पहचान है और सभी को राष्ट्रभक्ति की भावना से इसमें शामिल होना चाहिए।

****************

राज्य के अन्य हिस्सों में भी हर घर तिरंगा अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में आज हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता एवं स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया।

****************

इधर मेदिनीनगर में आज साहित्य समाज चौक से छहमुहान तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व पलामू सांसद वीडी राम ने किया। मौके पर सांसद ने इसे एकता, सम्मान और आजादी के मूल्यों को याद दिलाने वाला संकल्प बताते हुए हर घर में तिरंगा फहराने की अपील की।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 अगस्त को आकाशवाणी पर **मन की बात** कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या **माय गाव ओपन फ़ोरम** के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने विचार भेजे जा सकते हैं। मन की बात के आगामी अंक के लिए सुझाव इस महीने की 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएँगे।

****************

इस वर्ष 1 से 30 नवंबर तक देश भर में चौथा **डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र** अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में पेंशनभोगियों के लिए चेहरा प्रमाणीकरण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह अभियान देश भर के एक हजार आठ सौ पचास से अधिक जिलों, शहरों और कस्बों में चलाया जाएगा।

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता गांव के पास आज सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई। मुठभेड़ में एक नक्सली के मारे जाने की सूचना है, जिसका शव पुलिस ने बरामद कर लिया है।

*********************

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहा, सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री गोड्डा में और न्यूनतम तापमान 21.9 डिग्री सेल्सियस लातेहार में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 19 अगस्त तक कई स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, वहीं कल कुछ स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

********समाप्त********